NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 82 /NCRES/19 Date : 07.03.2019

श्रीमान प्रमुख मुख्य अभियन्ता
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः- इलाहाबाद ट्रैफिक कालोनी 67 नं. ब्लाक की रूफ टाईल्स के ऊपर जी.आई. शीट लगाना

सन्दर्भः— NCRES पी.एन.एम. मद संख्या 14/08/2013 एवं मद संख्या 23/2017

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्ष 2013 से NCRES की हर पी.एन.एम. बैठक में संदर्भित मद पर चर्चा के दौरान इलाहाबाद की ट्रैफिक कालोनी के 67 नं. ब्लाक में छत से बारिश का पानी चूने की समस्या को दूर करने के लिये रूफ टाइल्स के ऊपर जी.आई शीट लगाने एवं छोटे कमरों में फाल्स सीलिंग लगवाने हेतु आश्वासन प्राप्त होता रहा है परन्तु खेद का विषय है कि उक्त कार्य नही कराया गया।

यह भी अवगत कराना है कि 67 नं. ब्लाक में बारिश के दौरान हर घरों में पानी चूने एवं सीलन आने के अलावा फाल्स सीलिंग न होने से घरों के अन्दर बिज्जू (एक प्रकार का जानवर) घुस आता है जो घरो में रहने वालो के लिये असुरक्षित भी है।

NCRES के साथ दिनांक 23/24 जनवरी 2019 को हुई पी.एन.एम. बैठक में भी यह आश्वासन दिया गया था कि 67 नं. ब्लाक का कार्य शीघ्र कराया जायेगा परन्तु खेद का विषय है कि डेढ़ माह बीत जाने एवं बारिश का सीजन निकट आने के बावजूद अभी तक इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नही की गयी है।

अतः NCRES की मांग है कि आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुये ब्लाक नं0 67 ट्रैफिक कालोनी, इलाहाबाद के रूफ टाईल्स के ऊपर जी. आई. शीट लगाने एवं फाल्स सीलिंग शीघ्र लगाने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री